प्राथमिक (कक्षा–5) शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा 2019

विषय – हिन्दी (सेट–A)

समय – 02.30 घंटे | पूर्णांक – 100

(आदर्श उत्तर)

उत्तर 1. (अ)

1. (ग) आदरणीय
2. (ग) थलसेना
3. (ख) झंझट
4. (घ) शिवाजी महाराज
5. (क) छुआछुत का भेद मिटाया
6. (क) हल्दी

(ब) **सही जोड़ी मिलान करो।**

1. मैं	2. के
2. नदी	4. चतुर

उत्तर 2. 1. यह पत्र शीला ने लिखा है।

2. यह पत्र राजेन्द्र नगर, रायपुर से लिखा गया है।

3. इस पत्र में जंगल सफारी का वर्णन किया गया है।

4. यह पत्र सुनंदा को लिखा गया है।

उत्तर 3. 1. सेना देश की रक्षा करती है।

2. भारतीय सेना बाढ़, भूकंप, सूखा आदि में जनता की सहायता करती है।

उत्तर 4. जाँचकर्ता निम्न बिंदुओं के आधार पर अंक दें।

1. कविता चार लाइन की हो।
2. अर्थ पूर्ण कविता हो या तुकबंदी हो।

उत्तर 5. राजा जब फाँसी पर झूला, तो लोग खुशी से झूम उठे और ढोल–बाजा बजाकर एक–दूसरे को घर–घर जाकर बधाईयाँ देने लगे और कहने लगे की एक अंधेर नगरी थी और एक अनबूझ राजा था।

उत्तर 6. 1. उक्त वाक्य भूतकाल का है।

2. किसकी शान निराली थी? **या** सैनिकों की शान कैसी थी?

उत्तर 7. बुढ़िया की भूमिका सराहनीय है, क्योंकि वह बूढ़ी होकर भी अपने परिवार का पालन करने के लिए मेहनत करती थी तथा इसी दौरान उन्होंने अनजाने में बादशाह को पुल के न होने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया।

उत्तर 8. दिल्ली में मेट्रो रेल के चलने से प्रदूषण में कमी आई। भीड़ से राहत मिली। समय की बचत हुई तथा सड़कों में वाहनों की संख्या कम हो गई जिससे यातायात दुरूस्त हो गया।

उत्तर 9. सफलता पाने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। इसके लिए हमें अपनी कमियों को पहचान कर उन्हें दूर करना चाहिए।

उत्तर 10. (अ) बाल गंगाधर तिलक बचपन से एक निडर और स्वाभिमानी बालक थे। जब शिक्षक ने उनसे कक्षा में फैली गंदगी के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा – "न मैंने मूंगफली खाई न छिलके फेंके। मैं दूसरों की चुगली नहीं करता। मैंने कोई अपराध नहीं किया है, इसलिए मैं मार भी नही खाऊँगा।"

(ब) गुरू ने चेले के कान में कुछ उपाय बताया। फिर दोनों आपस में झगड़ने लगे। राजा यह देखकर अचंभित होकर पूछा – "क्या बात है?" गुरू ने बताया कि अभी स्वर्ग का सिंहासन खाली है। जो पहले मरेगा वही स्वर्ग का राजा बनेगा। फिर राजा स्वयं फाँसी पर झूल गया। इस प्रकार से गुरू ने चेले की जान बचाई।

उत्तर 11. (अ) वाक्य अर्थपूर्ण हो।

(ब) वाक्य में संबंधित शब्द का उल्लेख हो।

उत्तर 12. 1. वाक्य अर्थपूर्ण हो एवं पठनीय हो।

2. विषय पर आधारित हो।

3. कम से कम छः लाइन हो।

3. वाक्य में क्रमबद्धता हो और भावपूर्ण।

उत्तर 13. कहानी का शीर्षक– 1. लकड़हारा और तोता, 2. तोता और वृक्ष, 3. तोता

पात्रों के नाम– 1. तोता, 2. पेड़, 3. लकड़हारा।

समस्या– लकड़हारा वृक्ष काटने वाला था।

समाधान– तोते की बात सुनकर लकड़हारा ने पेड़ को नहीं काटा।

अथवा

कहानी का शीर्षक – 1. एकलव्य, 2. गुरू और शिष्य, 3. धनुर्विद्या

पात्रों के नाम – 1. एकलव्य, 2. द्रोणाचार्य।

समस्या– एकलव्य को गुरू द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या सिखाने से मना कर दिया।

समाधान– एकलव्य ने स्वयं के दृढ़ निश्चय से धनुर्विद्या का अभ्यास किया और इस कला में निपुण हो गया।

उत्तर 14. 1. पत्र लिखने वाले, भेजने वाले का नाम यथास्थान हो।

2. पत्र में संबंधित विषय का उल्लेख हो।

3. वाक्य अर्थपूर्ण एवं पठनीय हो।

उत्तर 15. 1. दिए गए उपशीर्षक के अनुसार वर्णन हो।

2. वाक्य अर्थपूर्ण एवं संदर्भ आधारित हो।